कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा-I) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:प्रशासन-I/ले.प.-I/हिन्दी /3/2021-22 दिनांक :01/02/2022

परिपत्र

कार्यालय महालेखाकार (ले.प.-I) राजस्थान, जयपुर में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों पर कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के एक पद को प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं |

प्रतिनियुक्ति की आरंभिक अवधि एक वर्ष की होगी जो कि नियमानुसार बढाई जा सकती है./

पदनाम : कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

वेतनमान : पे मैट्रिक्स लेवल 6 , पे बैण्ड रु. 35400-112400 (समूह 'ख' अराजपत्रित)

योग्यता :- समतुल्य पद धारित करते हों

शैक्षणिक योग्यताएं:- अनिवार्य

(i)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा का माध्यम रहा हो, **या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर हिन्दी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हो या परीक्षा का माध्यम रहा हो, **या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी माध्यम से हिन्दी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा का माध्यम रहा हो, **या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से हिन्दी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री और साथ ही डिग्री स्तर पर अंग्रेजी माध्यम रहा हो और हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो या परीक्षा का माध्यम रहा हो, **या**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी या अंग्रेजी से भिन्न किसी भी विषय में मास्टर डिग्री हो और साथ ही डिग्री स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो और दोनों में से कोई एक परीक्षा का माध्यम रहा हो और दूसरा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में रहा हो **और**

(ii) जिनके पास हिन्दी से अंग्रेजी से हिन्दी में और हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद पाठ्यक्रम का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा या प्रमाण पत्र हो या केन्द्रीय या राज्यीय सरकार में, जिसके अन्तर्गत भारत सरकार का उपक्रम भी है हिन्दी से अंग्रेजी में या अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने का दो वर्ष का अनुभव हो।

टिप्पणी 1: अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है।

टिप्पणी 2 : अनुभव संबंधी अर्हता उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है, जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

आवेदनकर्ता जो संलग्न योग्यतायें/शर्तें पूर्ण करते हैं, अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आवेदन पत्र व्यक्तिगत विवरण सहित भेजें तथा साथ में आवेदक के पिछले पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन की कि प्रतियाँ तथा सतर्कता/विभागीय जाँच अनापत्ति प्रमाणपत्र कि प्रति भी संलग्न कर इस कार्यालय में दिनांक 28.02.2022 तक प्रस्तुत करें |

BHAGWAN DASS, SAO(ADMN)BD, Administration 1

वरि.लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशा.।